>

Title: Issue regarding imposing tax on pension of armed forces personnal -laid.

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर) : स्पीकर सर, बात यह है कि इसी सदन में हमारे डिफेंस मिनिस्टर राजनाथ सिंह जी ने कुछ दिन पहले मेरे एक सवाल पर - जो इश्यू मैंने रेज़ किया था - सदन को आश्वस्त किया था कि हमारे हिन्दुस्तान की जो निशक्त फौजे हैं, उनकी पेंशन पर टैक्स लागू किया जा रहा है । उन्होंने कहा था कि इस विषय को ध्यान में रखते हुए अगले दिन वे सही कदम उठाएंगे, लेकिन आज भी इस बारे में इस सदन में आकर हमारे रक्षा मंत्री जी ने कुछ नहीं कहा ।

सर, हमारी फौज जोखिम उठाते हुए हिन्दुस्तान की रक्षा करती हैं, हम सबकी रक्षा करती है । ये फौजें निशक्त हो जाती हैं, आसक्त हो जाती हैं, उनको सुविधा मुहैया कराना ज़रूरी है । …(व्यवधान) यह हमारा कर्तव्य है । …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, माननीय रक्षा मंत्री जी का राज्य सभा में प्रश्नकाल में हैं ।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी : स्पीकर सर, हमारी फौजों के निशक्त जवानों को पेंशन में जो छूट दी जाती थी, उस छूट को बरकरार रखना चाहिए । इस विषय पर हमारे रक्षा मंत्री जी ने सदन को आश्वस्त किया था, फिर भी आज तक कोई हल नहीं निकला ।